# Audition Script in Hindi PDF | ऑडिशन स्क्रिप्ट ईन हिन्दी पीडीएफ

## पूर्वाभास :

हैलो दोस्तों आज के इस आर्टिकल में हम आपके लिए और एक धमाकेदार **Hindi Audition Script** ( Audition Script in Hindi PDF | ऑडिशन स्क्रिप्ट ईन हिन्दी पीडीएफ लेकर आए हैं |

इस script में **एक सैनिक है कुछ गलतियां होने के कारण उसे कारागृह में बंद कर दिया है** और कुछ दिन से जेल से कोर्ट में और फिर कोर्ट से जेल ऐसी जिंदगी जी रहा है। अब यह देश का रक्षक है , इसे जेल में बैठकर चैन नहीं मिल रहा है और इसी कारण वह उसकी व्यथा कहने की कोशिश कर रहा है | यह एक **monolog** है जिसके माध्यम से पात्र खुद से ,audience से बात करने की कोशिश कर रहा है ।

## पात्र :

सैनिक (उम्र 25-40 साल )

## समय :

2 मिनट 30 सेकंद

Audition Script in Hindi PDF | ऑडिशन स्क्रिप्ट ईन हिन्दी पीडीएफ

## Audition Script in Hindi PDF For Male | ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी पीडीएफ़ फॉर मेल

देखिए जनाब देखिए ताला जरा जोर से खींचकर देखिए । वैसे देश का सीपाई हू किसी के पीठपीछे भागकर जाने की कोशिश तो नहीं करूंगा । खैर छोड़ो,आप तो आपकी ड्यूटी कर रहे है ।" नन्हा मुन्ना राही हू देश का सीपाई हू , बोलो मेरे संग जय हिंद "

वैसे सोचा नहीं था यह नौबत भी आएगी , देश के लिए लढनेवाले हम जैसे किसी सीपाई को इस जेल में सोना पडेगा। दुश्मन चाहे 100 गोलियों से हमारी छाती ती छान्नी करे फिर भी हम बिना permission के गोली नहीं चला सकते, और एखाद कदम हमने अपनी तराफ से उठाया तो हम कैदी कहलाते है ।

**[हमे फॉलो करे**( **Instagram** , **Facebook** , **Youtube** , **Whatspp Channel** ) ]

सोचा था ड्यूटी के बाद सीधे जाकर अपने परिवार से मिलूंगा पर वो भी अब सपना ही रहेगा। एक फोटो के सहारे दिन काटना , सुखी रोटी, ना चैन की नींद फिर भी हम देश के बारे में सोचते हैं । देश के प्रति हमारा प्यार ना कभी कम था , ना है और नाही कभी कम होगा।

ये हर दिन उठकर अदालत के कठघरे जाना, एक की बात पर सबको जवाब देना और फिर इस अंधेरे में अगले सुबह की राह देखना , अब बस हमसे और नही होगा ।अरे कोई है क्या ..ये चार दीवारों में खाली बैठना हमसे नहीं हो रहा है । उठाकर फेंक दो हमें दुश्मन की और , यहां घुटघुट कर जीने से अच्छा लढके मरेंगे।

हमने क्या गलत किया ? हमने तो देश की रक्षा की। रक्षा की उस वर्दी की जिसकी कसम खाई थी ,रक्षा की उन मासूमों की जो बेगुनाह मारे जाने वाले थे ,रक्षा की उस भारत माँ की जिसकी गोद में हम पले बढ़े है । अगर वो ऑफिसर या फिर आप मेरे जगह पर होते तो क्या करते क्या हाथ पर हाथ रखकर किसीके approval का wait करते ?

हुक़्म की एक लकीर थी… और उस पार जंग का समंदर, हमने नियम नहीं तोड़े, बस अपनों को डूबने नहीं दिया।गोली चलाई थी मैंने… मगर डर पर, मौत पर, क्योंकि सामने दुश्मन था, और पीछे मेरा वतन ।अब कहते हैं–"क़सूर है तेरा", पर क्या जान बचाना जुर्म है?अगर हाँ… तो मैं गुनहगार हूँ, पर सिर्फ़ काग़ज़ों में।

**[हमे फॉलो करे**( **Instagram** , **Facebook** , **Youtube** , **Whatspp Channel** ) ]

**यह भी पढे :**

**Monoact Script in Marathi | मोनोॲक्ट स्क्रिप्ट इन मराठी**

**Drama Script in Marathi | ड्रामा स्क्रिप्ट ऑडिशन इन मराठी**

Website: www.marathiauditionscript.com